तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि

कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 मनेन्द्रगढ़ में दुर्गा उत्सव की तैयारियां जोरों पर



ओपन परीक्षा में 10वीं,12वीं पास छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारमुखी प्रशिक्षण फायर सेफ्टी के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
14 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
8

खबर संक्षेप

जनदर्शन में सुनी गई नागरिकों की समस्याएं

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने भूमि एवं पट्टे, मुआवजा राशि, सड़क निर्माण, शैक्षणिक प्रमाण पत्र तथा निर्माण कार्यों से संबंधित शिकायतें और आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के माध्यम से नियमानुसार कार्रवाई कर समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

डिजिटल टोकन व क्यूआर कोड से मिलेगा खाद

मनेन्द्रगढ़। आगामी रबी सीजन 2026-27 में किसानों को सुगमता और पारदर्शिता के साथ उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग द्वारा डिजिटल टोकन एवं क्यूआर कोड आधारित नई वितरण व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके तहत किसानों को उनकी वास्तविक कृषि भूमि और बोई जाने वाली फसल के रकबे के आधार पर उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा। फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल (एफएफएस) सॉफ्टवेयर के माध्यम से संचालित इस व्यवस्था का उद्देश्य खाद वितरण में पारदर्शिता लाने के साथ कालाबाजारी, जमाखोरी और निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूलने जैसी अनियमितताओं पर रोक लगाना है।

कलेक्टर ने टीएल की ली मीटिंग

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों, लंबित प्रकरणों, जनशिकायतों और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आम जनता से जुड़ी शिकायतों और लंबित मामलों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बच्चों से खुलकर संवाद करने का दिया संदेश

मनेन्द्रगढ़। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिले में 10 से 16 अक्टूबर 2026 तक संचालित मन जागृति अभियान के तहत मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड भरतपुर के बहरासी, जमथान एवं बरेल तथा विकासखंड खड़गवां के मेंडा स्थित विद्यालयों में स्कूली बच्चों के लिए इमोजी से मन की बात गतिविधि आयोजित की गई।

आदिशक्ति की पूजा-अर्चना का दौर जारी तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की हुई पूजा-अर्चना, आज मां कुष्मांडा की आराधना करेंगे श्रद्धालु

नवरात्र पर मां दुर्गा की आराधना में डूबा बैकुंठपुर, पूजा पंडालों में बढ़ने लगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बैकुंठपुर। शारदीय नवरात्र के अवसर पर शहर सहित जिलेभर में आदिशक्ति मां दुर्गा की पूजा-अर्चना का दौर जारी है। सुबह और शाम होने वाली आरती में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

नवरात्र के शुरूआती दिनों में पूजा पंडालों में अपेक्षाकृत कम भीड़ देखने को मिली, लेकिन अब धीरे-धीरे माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने लगी है। नवरात्र के तीसरे दिन सोमवार को मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप का विधि-विधान से पूजन एवं श्रृंगार किया गया। वहीं चौथे



दिन मंगलवार को मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना की जाएगी। नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा की गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माता के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र सुशोभित रहता है, जिसके कारण उन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। मान्यता है कि मां चंद्रघंटा की आराधना से भक्तों को साहस, वीरता और मानसिक शांति प्राप्त होती है। चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना कर विशेष श्रृंगार किया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां कुष्मांडा की उपासना से आरोग्य, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की जाती है।

अंतिम दिनों में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

भव्य पूजा पंडालों में विराजीं मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही लगातार बढ़ रही है। नवरात्र के अंतिम दिनों में पूजा पंडालों में सबसे अधिक भीड़ जुटने की संभावना है। खासकर सप्तमी, अष्टमी और नवमी के अवसर पर शहर के विभिन्न मार्गों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ जाती है। इस दौरान पूजा पंडालों के आसपास मेले जैसा माहौल देखने को मिलता है। श्रद्धालु माता के दर्शन, पूजा-अर्चना और आरती में शामिल होकर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हैं।

भव्य पंडालों में विराजीं मां दुर्गा

शहर के दर्जनों स्थानों पर मां दुर्गा एवं अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भव्य और आकर्षक पंडालों में स्थापित की गई हैं। 11 अक्टूबर को शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ नवरात्र पूजा की शुरूआत हुई थी। इसके बाद से विभिन्न पूजा समितियों द्वारा प्रतिदिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती की जा रही है। आकर्षक सजावट और धार्मिक माहौल के बीच श्रद्धालु माता के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। इस वर्ष नवरात्र में गजकेसरी योग और माता के आगमन को लेकर भी श्रद्धालुओं में उत्साह है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नवरात्र का पर्व सुख-समृद्धि और मंगलकामना का प्रतीक माना जाता है।

वेतन विसंगति और पदोन्नति का निराकरण करने की मांग

पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, कामकाज प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के आह्वान पर कोरिया जिले के पटवारी 13 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। प्रेमाबाग मंदिर परिसर में पटवारी हड़ताल में बैठे हुए हैं।

पीव्ही एप की व्यावहारिक समस्याओं का निराकरण नहीं होने, पटवारियों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई तथा अन्य लंबित मांगों को लेकर यह आंदोलन शुरू किया गया है। पटवारियों के हड़ताल पर जाने से राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित होने लगे हैं, जिससे आम नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजस्व पटवारी संघ ने अपनी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में पूर्व में उच्च अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर निराकरण की मांग की थी। संघ का कहना है कि अब तक समस्याओं का समाधान नहीं होने के कारण पटवारियों को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लेना पड़ा है।



पीव्ही एप की व्यावहारिक समस्याओं पर जताई नाराजगी

संघ की ओर से बताया गया है कि पटवारी डिजिटल कार्प, एग्रीस्टैक पंजीयन, किसान पंजीयन, बकेट क्लेम, जनगणना के प्रथम चरण, लघु सिंचाई संगणना और रेलवे सर्वे सहित विभिन्न कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कर रहे हैं। इसके बावजूद पीव्ही एप की व्यावहारिक एवं प्रतिकूल समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। संघ ने आरोप लगाया है कि एप के बहिष्कार के कारण कुछ जिलों में पटवारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है, जिसे लेकर उनमें नाराजगी है। पटवारी संघ ने लंबित वेतन विसंगति दूर करने और पदोन्नति से संबंधित मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होने का मुद्दा भी उठाया है। संघ का कहना है कि इन समस्याओं के निराकरण के लिए पहले भी अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया गया, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। इसी के विरोध में प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत कोरिया जिले के पटवारी भी अनिश्चितकालीन हड़ताल में शामिल हो गए हैं। मांगों का निराकरण होने तक आंदोलन जारी रहने की बात कही गई है।

लंबित मांगों को लेकर तकनीकी सहायक कर्मचारी संघ का धरना

छत्तीसगढ़ तकनीकी सहायक कर्मचारी संघ कोरिया ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 13 अक्टूबर से सांकेतिक धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। यह प्रदर्शन 14 अक्टूबर तक जिला स्तर पर जारी रहेगा। वहीं, 15 अक्टूबर को प्रदेशभर के तकनीकी सहायक राजधानी रायपुर में प्रदेशस्तरीय रैली निकालकर ज्ञापन सौंपेंगे। संघ का कहना है कि लंबे समय से मांगों के निराकरण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में नीतिगत निर्णय नहीं लिया गया है। संघ की ओर से जारी ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विकसित भारत जी राम जी योजना के अंतर्गत कार्यरत तकनीकी सहायकों की लंबित मांगों को 12 अक्टूबर 2026 तक लागू करने के संबंध में पूर्व में हड़ताल की सूचना एवं ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बावजूद मांगों के संबंध में नीतियों का निर्धारण नहीं होने से कर्मचारियों में नाराजगी है। इसी के विरोध में 13 एवं 14 अक्टूबर को जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन करने तथा 15 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में रैली निकालकर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। संघ की प्रमुख मांगों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत विकसित भारत जी राम जी योजना में कार्यरत समस्त तकनीकी सहायकों के लिए नियमित पद सृजित कर उनका समायोजन करना शामिल है। इसके साथ ही नियमितीकरण की प्रक्रिया पूरी होने तक तकनीकी सहायकों की सेवा शर्तों के संबंध में पंचायत विभाग में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिवों की तर्ज पर स्थायीकरण नियमावली तत्काल लागू करने की मांग की गई है। तकनीकी सहायक कर्मचारी संघ ने तकनीकी सहायकों का पदनाम परिवर्तित कर तकनीकी सहायक के स्थान पर कनिष्ठ अभियंता किए जाने की मांग भी उठाई है। संघ का कहना है कि कर्मचारियों की लंबित मांगों पर शीघ्र निर्णय लेकर आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। इसी उद्देश्य से जिला स्तर पर सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके बाद प्रदेशस्तरीय रैली के माध्यम से शासन का ध्यान मांगों की ओर आकर्षित कराया जाएगा।



बैकुंठपुर में सरगुजा ओलंपिक का आगाज



बैकुण्ठपुर। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में कलेक्टर कोरिया रोक्तिमा यादव एवं खंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक नोडल अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दीपिका नेताम के निर्देशन में विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक खेल प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन 13 से 15 अक्टूबर तक मिनी स्टेडियम बैकुंठपुर में किया जा रहा है। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। पहले दिन विभिन्न खेलों में लगभग 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

- मिनी स्टेडियम में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता शुरू

प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश शिवहरे एवं पार्षद अनिल खटीक ने खेल अधिकारी, पीटीआई, जनपद पंचायत के नियोजित कर्मचारियों और खिलाड़ियों की उपस्थिति में किया। प्रतियोगिता के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुसार पहले दिन 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ के साथ तवा फेंक, लंबी कूद, गोला फेंक एवं भाला फेंक की स्पर्धाएं आयोजित की गईं। इन स्पधार्ओं में खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। सरगुजा ओलंपिक के तहत 14 अक्टूबर को मिनी स्टेडियम बैकुंठपुर में वॉलीबॉल, खो-खो, बास्केटबॉल एवं तीरंदाजी की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। वहीं बैडमिंटन प्रतियोगिता तलवापारा स्थित बैडमिंटन हॉल में होगी। इसके अलावा 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों के बीच रोमांचक फुटबॉल मुकाबले सलका खेल मैदान में आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता के अंतिम दिन 15 अक्टूबर को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खेल स्पधार्एं होंगी। सहायक नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैकुंठपुर ए. पन्ना ने सभी पंजीकृत खिलाड़ियों को निर्धारित समय पर संबंधित खेल स्थल में उपस्थित कराने की जिम्मेदारी संबंधित सचिवों को सौंपी है।

वन कर्मचारी संघ ने डीएफओ को सौंपा ज्ञापन

छग वनकर्मचारी संघ जिला शाखा कोरिया के प्रतिनिधि मंडल एवं सदस्यों के द्वारा जिला अध्यक्ष माधव प्रसाद राजवाड़े के नेतृत्व में वनमंडल अधिकारी एवं उपनिदेशक गुरू घासीदास तामोर पिंगला टाइगर रिजर्व को विभाग द्वारा प्रस्तावित वन कार्यों में ठेका पद्धति एवं पुलिस विभाग की भर्ती स्थानांतरण नीति का विरोध के परिपेक्ष में ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन सौपने के दौरान जिला सचिव सुजीत लहरे, संभागीय उपाध्यक्ष विजय कंवर प्रांतीय सदस्य हेतराम बैगा, जिला महामंत्री प्रकाश सिंह, संभागीय मंत्री रामसाय राजवाड़े, जिला उपाध्यक्ष



ज्योति प्रकाश बखला, तहसील सचिव सोनहत राजेश राजवाड़े, सचिव राजू यादव, सदस्य रामसूरत, शंकर, दया प्रकाश, बालम अमन उपस्थित रहे। संगठन के द्वारा पूर्ण जोर विरोध किया गया और वन मंडल को इसके नुकसान से अवगत कराया। शासन द्वारा प्रस्ताव को निरस्त नहीं किया गया तो संघ हड़ताल के लिए बाध्य होगा।

पीजी कॉलेज में विधि संकाय शुरू करने की मांग

ढाई दशक बाद भी शुरू नहीं हो सकी लॉ की पढ़ाई, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला अधिवक्ता संघ ने बैकुण्ठपुर स्थित शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विधि संकाय प्रारंभ करने की मांग उठाई है।

- विद्यार्थियों को जाना पड़ता है दूसरे शहर

इस संबंध में संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर विधि संकाय शुरू करने के लिए आवश्यक प्रस्ताव सक्षम कार्यालय को भेजने की मांग की है। अधिवक्ताओं का कहना है कि जिले में विधि की पढ़ाई की सुविधा नहीं होने से कानून के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों को दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कोरिया जिले के वनांचल क्षेत्र सोनहत, रामगढ़ एवं अन्य पहाड़ी इलाकों के विद्यार्थियों को विधि की पढ़ाई के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चरचा कॉलरी, कटकोना कॉलरी एवं पाण्डवपारा कॉलरी क्षेत्र सहित जिले के विभिन्न हिस्सों के विद्यार्थियों को कानून की शिक्षा प्राप्त करने के लिए करीब 90 किलोमीटर दूर अंबिकापुर जाना पड़ता है। ऐसे में बैकुण्ठपुर में विधि संकाय प्रारंभ होने ⏭शेष पेज 2 पर



अब तक शुरू नहीं हुई विधि की पढ़ाई

कोरिया जिले के गठन के बाद ढाई दशक से अधिक समय बीत जाने के बावजूद जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर के महाविद्यालय में विधि की कक्षाएं प्रारंभ नहीं हो सकी हैं। इस दौरान छात्र संगठनों की ओर से भी कई बार स्थानीय महाविद्यालय में कानून की पढ़ाई शुरू करने की मांग उठाई गई, लेकिन अब तक इस दिशा में अपेक्षित पहल नहीं हो पाई है। स्थानीय स्तर पर विधि शिक्षा की सुविधा उपलब्ध नहीं होने से विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

आर्थिक परेशानी के कारण छूट जाती है पढ़ाई

जिले के ऐसे विद्यार्थी जो कानून के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं, उन्हें विधि की पढ़ाई के लिए अंबिकापुर या बिलासपुर जैसे शहरों में जाना पड़ता है। दूसरे शहरों में रहने, भोजन और पढ़ाई का खर्च उठाना कई परिवारों के लिए मुश्किल होता है। आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण कई विद्यार्थी इच्छा होने के बावजूद कानून की पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जा पाते। ऐसे में बैकुण्ठपुर में विधि संकाय शुरू होने से जिले के विद्यार्थियों को राहत मिल सकती है और उन्हें अपने क्षेत्र में ही कानून की शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सकेगा।

22 टन चोरी का कोयला बरामद, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले के थाना पोड़ी अंतर्गत पुलिस चौकी नागपुर क्षेत्र में पुलिस ने अवैध रूप से रखे गए करीब 22 टन कोयले की चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के कोयले को परिवहन करने में प्रयुक्त महिंद्रा डीआई-275 ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 16 सीएन 3981 भी जब्त किया है।



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस चौकी नागपुर क्षेत्र में 4 सितंबर 2026 को लावारिस हालत में करीब 22 टन कोयला मिला था। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 10 हजार रुपये बताई गई। जांच के दौरान सामने आया कि उक्त कोयला ग्राम सेमरा (रायपारा) निवासी अंकित राय, पिता प्रकाश राय, उम्र 33 वर्ष द्वारा जंगल की ओर से चोरी कर लाकर रखा गया था। मामले में थाना पोड़ी में अपराध क्रमांक 144/2026, धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

प्रकरण दर्ज होने के बाद आरोपी अंकित राय फरार चल रहा था। उसकी तलाश के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने लगातार पतासाजी करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ एवं कार्रवाई के ⏭शेष पेज 2 पर

खबर संक्षेप



ग्राम पंचायत लहपटरा में पूजा- अर्चना के साथ की गई माँ दुर्गा की स्थापना, भक्तिमय हुआ माहौल

लहपटरा। ग्राम पंचायत लहपटरा में माँ दुर्गा के आगमन को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह है। माँ दुर्गा के स्वागत के लिए गाँव में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। माता रानी के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा है। माँ दुर्गा के आगमन से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। श्रद्धालु पूरे उत्साह और भक्ति के साथ माता रानी का स्वागत कर कर विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा को स्थापित किया। इस अवसर पर ग्रामीण मां दुर्गा से गांव की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। नवरात्रि के पावन पर्व पर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना और आराधना से गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया है। श्रद्धालुओं में माता रानी के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

मां महामाया के भजन से निधि श्री ने की गायकी का आगाज

अम्बिकापुर। नवरात्र के अवसर पर शहर की युवा गायिका निधि श्री ने मां महामाया को समर्पित गीत से अपने संगीत सफर की शुरुआत की है। गीत जारी



होने के पहले ही दिन इसे सामाजिक माध्यमों पर 8 से 9 हजार बार देखा गया। श्रोताओं से मिल रही सराहना से निधि और उनके परिवार में उत्साह है। निधि शहर के निजी महाविद्यालय में प्रथम वर्ष की छात्रा हैं। उनके पिता अनिल विश्वकर्मा प्रयोगशाला तकनीशियन हैं। निधि को बचपन से ही गायन का शौक रहा है। उन्होंने बताया कि इस रुचि को आगे बढ़ाने में उनकी मां ने हमेशा प्रोत्साहित किया। पढ़ाई के साथ वह नियमित रियाज करती हैं और गायकी के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रयासरत हैं। शहर के संगीत निर्देशक सौरभ और वैभव ने निधि को यह अवसर दिया। उन्होंने निधि को इंस्टाग्राम पर गाते हुए सुना था और उनकी आवाज पसंद आने के बाद मां महामाया के गीत के लिए चुना। गीत को नवरात्र के अवसर पर तैयार किया गया है। सौरभ और वैभव कई फिल्मों के संगीत पर काम कर रहे हैं। उनके संगीत को फिल्मफेयर पुरस्कारों के लिए नामांकित किए जाने की जानकारी भी दी गई है। संगीत निर्देशक वैभव ने बताया कि निधि की आवाज में आगे भी गीत रिकॉर्ड करने की योजना है और उन्हें फिल्मी संगीत में अवसर दिलाने की दिशा में काम किया जाएगा। मां महामाया के गीत से मिली शुरुआती प्रतिक्रिया ने निधि के हौसले बढ़ाए हैं।

जिला चिकित्सालय की जीवनदीप समिति में विधायक समेत 8 नए सदस्य मनोनीत

सोनगरा। जिला चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, अस्पताल की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं में



जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित जीवनदीप समिति में आठ नए सदस्यों का मनोनयन किया गया है। प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल के मार्गदर्शन में किए गए इस मनोनयन में प्रेम नगर विधायक भूलन सिंह मरावी सहित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, कृषकों और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। जीवनदीप समिति के नए सदस्यों के मनोनयन से जिला चिकित्सालय की व्यवस्था में सुधार, मरीजों की समस्याओं के त्वरित समाधान और अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के विस्तार की उम्मीद जताई जा रही है। सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि जीवनदीप समिति के माध्यम से जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं के विकास, मरीजों की सुविधाओं में सुधार और जनसहभागिता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाती हैं। समिति अस्पताल की आवश्यकताओं, मरीजों की समस्याओं और उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा कर स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने में सहयोग करती है। जीवनदीप समिति में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, समाजसेवी शशिकांत गर्ग, पूर्व सरपंच संत सिंह, अग्रसेन सेवा समिति के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, उन्नत कृषक राजेश्वर तिवारी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, उन्नत कृषक ठाकुर प्रसाद राजवाड़े और महिला नेत्री देवंती साहू को सदस्य मनोनीत किया गया है।

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में स्कूल बसों की अव्यवस्था से अभिभावक नाराज

स्कूली बच्चों की जान से खिलवाड़, स्कूल बसों में बैठा रहे क्षमता से अधिक बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के रेहर, गायत्री एवं केतकी सह क्षेत्र से प्रभावित ग्रामीणों के बच्चों के लिए एसईसीएल द्वारा संचालित स्कूल बसों में बच्चों की सुरक्षा ध्यान ही नहीं दिया जा रहा। आलम यह स्कूली बस में न सिर्फ क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जा रहा है बल्कि बच्चों के जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। बसों में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर परिवहन किए जाने और पर्याप्त जगह नहीं मिलने के कारण बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि बच्चों की संख्या में वृद्धि होने के बाद भी महज 35 सीटर बस का संचालन किया जा रहा है जिससे बस में जगह नहीं होने से कई बच्चे स्कूल जाने से वंचित हो जाते है।

खास बात

- कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना, प्रबंधन नहीं ले रहा सुध

रेहर, गायत्री एवं केतकी सह क्षेत्र से प्रभावित ग्रामीणों के बच्चों के लिए एसईसीएल द्वारा स्कूली बच्चों की सुविधा के लिए 52 सीटर और 35 सीटर दो बसें संचालित हैं। बसों से प्रभावित क्षेत्र के बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं बिश्रामपुर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में पढ़ाई करने जाते है। अभिभावकों का आरोप है कि सुबह करीब 9.30 बजे अधिकतर 35 सीटर बस ही चलाई जाती है, जबकि इस समय बच्चों की संख्या अधिक और बड़े बच्चे रहते है। इससे बच्चों को बस में ठूंस कर ले जाने की स्थिति बनती है। आरोप है कि अनुबंध के अनुरूप दोनों बसों का नियमित संचालन नहीं किया जा रहा है। ऐसे में 35 सीटर बस में लगभग 50 से अधिक बच्चों को ठूंस कर ले जाया जाता है जिससे कई बच्चों को बस में खड़े खड़े ही स्कूल जाने को मजबूर है। बस में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने से न सिर्फ बच्चों को परेशानी होती है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसे में समय रहते बच्चों की सुविधा के लिए पर्याप्त सीट वाली बस की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।अभिभावकों ने एसईसीएल प्रबंधन की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि बसों के संचालन और क्षमता की नियमित जांच होती, तो ऐसी स्थिति नहीं बनती। लगातार बढ़ती परेशानी से नाराज अभिभावक जल्द ही सब एरिया कार्यालय का घेराव करने की रणनीति बना रहे हैं। अब सवाल यह है कि एसईसीएल प्रबंधन बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और बसों की व्यवस्था सुधारने के लिए कब ठोस कदम उठाएगा।



बस के बाहर खड़ी छात्राएं।

खतरों के बीच जाते है बच्चे

अभिभावकों कहना है कि सुबह के समय 35 सीटर बस का संचालन होता है जबकि बच्चों की संख्या अधिक होती है। इसके अलावा बस में परिचालक नहीं होने के कारण बच्चों को खतरा के बीच सफर करना पड़ता है। कई बार बच्चे चलती बस के दरवाजे पर लटकते दिखाई देते हैं। ऐसे में बच्चों के चलती बस से गिरने की संभावना बनी रहती है। अभिभावकों कहना है कि छोटे बच्चों को इस तरह सफर कराना किसी बड़े हादसे को न्योता देने जैसा है।

व्यवस्था सुधारे की मांग

बस में सीट कम होने के कारण कई बच्चे स्कूल जाने से ही वंचित हो जाते। सोमवार को भी मानीचौक में बस में जगह नहीं होने से 14 बच्चे स्कूल जाने से वंचित हो गए जिससे बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ता है। यह समस्या लंबे समय से है और हर रोज कोई न कोई बच्चे साधन के अभाव में स्कूल जाने से वंचित हो जाते है। अभिभावकों का कहना है कि एसईसीएल कर्मचारियों के लिए बड़े बस की सुविधा है लेकिन स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए महज 35 सीटर बस संचालन किया जाता है। अभिभावकों ने बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसे लेकर बस संचालन की व्यवस्था में सुधार किए जाने की मांग की है।

निजी साधन से आते हैं घर

परेशानी के बीच बच्चे किसी तरह पढ़ाई करने के लिए बस से स्कूल जाते है। लेकिन बच्चों की परेशान तब और बढ़ जाती है जब स्कूल की छुट्टी होती है। स्कूल की छुट्टी के समय केवल एक बस बिश्रामपुर से लौटती है जबकि स्कूल ले जाने के समय दो बस ओवरलोड लेकर जाती है लेकिन वापसी में केवल एक बस के आने से बच्चे किसी निजी साधन घर लौटते है जिससे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



जिला न्यायालय के पास झुका पेड़ लोगों के लिए बड़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला एवं सत्र न्यायालय के बाहर एक जर्जर झुका हुआ विशालकाय पेड़ लोगों की जान पर खतरा बना हुआ है। कभी भी बड़ी दुर्घटना की वजह बन सकता है।

जिला न्यायालय परिसर के बाहर एक विशालकाय पेड़ पिछले बरसात में तेज आंधी पानी के दौरान टूटकर एक ओर खतरनाक तरीके से झुक गया है। उस दरम्यान इसी पेड़ का एक बड़ा भारी डाल भी टूटकर गिर गया था किन्तु आंधी पानी व शाम की वजह से कोई बड़ी अनहोनी नहीं हो पाई थी। किन्तु यह जर्जर विशालकाय पेड़ कभी भी किसी भी वक्त धराशाई हो सकता है। यह पेड़ लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन सकता है। जिला न्यायालय एवं कलेक्ट्रेट के बीच जहां यह पेड़ है वहां दर्जनों छोटे मोटे चाय नाश्ते व फोटो कॉपी की दुकान है। खासकर फेमस झकड़ी चाय की दुकान ठीक पेड़ के ही नीचे है जहां हर वक्त लोगों की बैठकी रहती है। ज्यादातर वकील इसी दुकान के पास मौजूद रहते है। ऐसे में यह पेड़ लोगों के लिए कभी भी मुसीबत खड़ी कर सकता है। कई लोग घायल हो सकते है। ऐसे में प्रशासन अथवा नगर निगम को तत्काल इस पेड़ को कटवाने की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। कई अधिवक्तागण व आम लोगों ने इस विषय में निगम के अधिकारियों को सूचना भी दिया किन्तु कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अधिवक्ताओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि उक्त पेड़ को तत्काल रूप से हटाने की व्यवस्था करें ताकि किसी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

22वीं रीजनल साइंस कांग्रेस में नवोदय की सृष्टि ठाकुर हासिल की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जवाहर नवोदय विद्यालय सरगुजा की छात्रा सृष्टि ठाकुर ने 22वीं रीजनल साइंस कांग्रेस में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया। जवाहर नवोदय विद्यालय, खुर्दा, ओडिशा में 6 से 10 अक्टूबर तक आयोजित इस कार्यक्रम में सृष्टि ठाकुर ने साइंस सेमिनार में द्वितीय स्थान तथा क्विज प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस रीजनल साइंस कांग्रेस में चार क्लस्टर से आए कुल 58 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन नवोदय विद्यालय समिति, भुवनेश्वर संभाग के डिप्टी कमिश्नर अभिजीत बेहरा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न जवाहर नवोदय विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक समन्वयक के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार एवं ज्ञानवर्धन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतिष्ठित वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक संस्थानों का एक्सपोजर विजिट कराया गया। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को आईआईटी भुवनेश्वर, आईएमएमटी भुवनेश्वर, रीजनल साइंस सेंटर भुवनेश्वर, इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स भुवनेश्वर, रीजनल म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री, पथानी सामंत प्लेनेटेरियम, एनआईएसईआर तथा स्टेट म्यूजियम ऑफ ओडिशा का भ्रमण कराया गया। पांच दिवसीय इस आयोजन में क्विज, साइंस सेमिनार एवं प्रदर्शनी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में सृष्टि ठाकुर ने अपनी प्रतिभा, वैज्ञानिक समझ एवं उत्कृष्ट प्रस्तुति कौशल का परिचय देते हुए साइंस सेमिनार में द्वितीय और क्विज में तृतीय स्थान हासिल किया।



ओपीएस ओलंपिक में खिलाड़ियों भारी उत्साह, विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं जारी

अम्बिकापुर। आपीएस में चल रहे वार्षिक खेल महोत्सव ओपीएस ओलंपिक पूरे उत्साह के साथ जारी है। खेल महोत्सव अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं में आइंस्टीन हाउस, कलाम हाउस, टैगोर हाउस और शेक्सपियर हाउस के विद्यार्थी एक-दूसरे को कड़ी प्रतिस्पर्धा देते हुए अपनी खेल प्रतिभा, शारीरिक दक्षता, अनुशासन और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। खो-खो प्रतियोगिता के अंडर-10 बालिका वर्ग में कलाम हाउस और आइंस्टीन हाउस के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें आइंस्टीन हाउस ने 25-22 अंकों से जीत दर्ज की। डॉजबॉल प्रतियोगिता के अंडर-10 बालिका वर्ग में शेक्सपियर हाउस और आइंस्टीन हाउस के बीच हुए मुकाबले में शेक्सपियर हाउस ने 4-1 से शानदार जीत हासिल की। कलाम हाउस और टैगोर हाउस के बीच खेले गए मुकाबले में टैगोर हाउस ने 5-2 से विजय प्राप्त की। शेक्सपियर हाउस और टैगोर हाउस के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में शेक्सपियर हाउस ने 6-4 से जीत दर्ज कर अपनी खेल क्षमता का परिचय दिया। प्राचार्य डॉ. आईए खान सूरी ने बताया की यह खेल महोत्सव विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, सकारात्मक सोच और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देता है।

ग्रामीण स्तरीय कबड्डी स्पर्धा में पचिरा की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल महा मुकाबला में देशी ब्याज पचिरा की टीम ने रोमांचक मुकाबले में विजेता का खिताब हासिल किया। स्पर्धा के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े उपस्थित थे।अन्य अतिथियों मे हरिश राजवाड़े, देवधन बिंझिया, शोभनाथ राजवाड़े, देवशरण सिंह, विनोद शाह, जयनगर सरपंच राधा बाई, धनेश्वरी सिंह, राजेन्द्र गवंटिया, राजनाथ सिंह उपस्थित रहे,फाइनल मुकाबले की शुरुआत अतिथियों द्वारा खिलाड़ीयों से परिचय उपरांत टॉस कराकर किया गया,फाइनल मुकाबला ब्याज क्लब कोरेया और देशी ब्याज पचिरा के मध्य खेला गया। दोनों ही टीम ने जीत के लिए जबरदस्त संघर्ष किया और अंत में



देशी ब्याज पचिरा टीम ने 45 अंक प्राप्त कर विजेता का खिताब हासिल किया और ब्याज क्लब कोरेया टीम ने उपविजेता का खिताब हासिल किया। ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता 1 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक आयोजित हुई,स्पर्धा में 32 टीमों ने हिस्सा लिया था,समापन समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम करमा, बायर, सुगा व छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए,अंत में विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपए नगद व उपविजेता टीम को 7 हजार रुपए नगद व शिल्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया,साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले टीम को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सुरेश सिंह, कृष्णपाल बिंझिया, किरणचंद सिंह, ब्रम्हदेव बिंझिया, मोहर साय, देवेन्द्र सोनवानी व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

आयुष्मान कार्ड निर्माण में सूरजपुर ने पूरे छत्तीसगढ़ में हासिल किया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में पात्र हितग्राहियों को स्वास्थ्य योजनाओं से जोड़ने की दिशा में सूरजपुर ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण में जिला पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। जिले में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 97 प्रतिशत कार्ड निर्माण का कार्य पूरा किया जा चुका है। वहीं सेवा संकल्प अभियान के तहत पिछले दो माह में 9 हजार 99 आयुष्मान कार्ड और 1 हजार 499 वय वंदना कार्ड बनाए गए हैं।

- दो माह में बने 9 हजार 99 आयुष्मान कार्ड और 1हजार 499 वय वंदना कार्ड



जिले में अब तक कुल 7,67,516 आयुष्मान कार्ड तथा 16,365 वय वंदना आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। यह उपलब्धि विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयासों और मैदानी स्तर पर किए जा रहे कार्यों का परिणाम है। अभियान के माध्यम से पात्र परिवारों को स्वास्थ्य योजनाओं से जोड़ने के साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के वय वंदना कार्ड बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न हितग्राहीमूलक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसके तहत आयुष्मान कार्ड से वंचित पात्र परिवारों के कार्ड बनाए जा रहे हैं। साथ ही 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को वय वंदना आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वे पात्रतानुसार स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। कलेक्टर रेना जमील ने जिले के उन सभी पात्र हितग्राहियों से कहा कि जिनका आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बना है, वे जल्द से जल्द अपने परिवार के सदस्यों का कार्ड संबंधित स्वास्थ्य केंद्र या अधिकृत कार्ड निर्माण केंद्र में बनवाएं। उन्होंने अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने पर जोर दिया है।

दशहरा उत्सव और रावण दहन की तैयारियों में जुटी सेवा समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सूरजपुर सेवा समिति की बैठक शनिवार को नगर पालिका परिषद के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में आगामी दशहरा उत्सव एवं रावण दहन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान आयोजन की रूपरेखा तैयार करने, आवश्यक व्यवस्था तथा सदस्यों के बीच कार्य विभाजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने दशहरा उत्सव को भव्य, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। आयोजन की सफलता के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं में आपसी समन्वय बनाए रखने तथा सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। समिति द्वारा तैयारियों की समीक्षा करने और कार्य विभाजन को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से आगामी बैठक 18 अक्टूबर को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था को समय पर पूरा करने पर भी चर्चा हुई।

प्रबंधन ने छात्रावास अधीक्षक को किया निलंबित

हॉस्टल में नाबालिग छात्र की मौत, अभाविप ने किया विद्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

हॉस्टल में करंट की चपेट में आकर नाबालिग छात्र की हुई मौत पर अभाविप ने प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्कूल का घेराव कर दिया। इस दौरान अभाविप ने विद्यालय एवं हॉस्टल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते की। अभाविप ने मृत छात्र के परिजन को मुआवजा समेत जांच एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। विद्यालय प्रबंधन के लिखित आश्वासन एवं प्रशासन के समझाइश के बाद अभाविप ने विद्यालय का घेराव खत्म किया।

विदित हो कि शनिवार की रात जशपुर जिले के ग्राम तमता निवासी 15 वर्षीय छात्र आशुतोष आ. विकास की ग्राम सुर सहित केन मेमोरियल स्कूल द्वारा संचालित हॉस्टल में करंट लगने से मौत हो गई थी। आशुतोष कक्षा आठवीं का छात्र था और हॉस्टल में रहकर केन मेमोरियल स्कूल में पढ़ाई करता था। घटना की रात छात्र हॉस्टल में रूम का दरवाजा खोल रहा था



तभी वह दरवाजे में प्रवाहित करंट की चपेट में आकर बेहोश हो गया था। देर रात उसे हॉस्टल प्रबंधन हॉस्पिटल लेकर पहुंची जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद छात्र को मृत घोषित कर दिया।नाबालिग छात्र की मौत के पीछे हॉस्टल प्रबंधन की लापरवाही एवं अव्यवस्था को माना जा रहा है। देर तक हॉस्टल में हुई इस घटना के लिए प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराते हुए अभाविप ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप विद्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान नाबालिग छात्र की मौत के लिए विद्यालय एवं हॉस्टल प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराते हुए अभाविप ने जमकर नारेबाजी की। मौके पर मौजूद पुलिस एवं केन मेमोरियल स्कूल के प्राचार्य ने उन्हें समझाने की काफी कोशिश की पर अभाविप अपनी मांग पर अड़ा हुआ था। उनकी मांग थी कि मृत छात्र के घरवालों को विद्यालय प्रबंधन एवं शासन प्रशासन द्वारा मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा छात्रावास अधीक्षक को तत्काल निलंबित करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की जाए एवं जांच में दोषी पाए जाने वालों पर आपराधिक मामला दर्ज किया जाये। अभाविप द्वारा रखी गई मांगो के बाद स्कूल के प्राचार्य बी तिर्की ने तत्काल छात्रावास अधीक्षक को निलंबित कर दिया। इसके साथ ही प्राचार्य ने पीड़ति परिवार को यथोचित सहायता राशि एवं जांच में सहयोग करने का लिखित आश्वासन दिया। अभाविप ने मौके पर पहुंचे नायाब तहसीलदार को अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपते हुए घेराव समाप्त किया।

पेज 1 का शेष

ढाई दशक बाद ...

से विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। ज्ञापन में उच्च शिक्षा संचालनालय, रायपुर के आयुक्त कार्यालय से जारी एक अक्टूबर 2026 के पत्र का हवाला देते हुए बताया गया है कि महाविद्यालय में विधि संकाय प्रारंभ करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 21 अक्टूबर तक यथाशीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। अधिवक्ता संघ ने विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय प्रबंधन से आवश्यक जानकारी एवं प्रस्ताव सक्षम कार्यालय को प्रेषित करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अधिवक्ता अनिल सिंह, महिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता मंजूषा श्रीवास्तव सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

22 टन चोरी का ...

से विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। ज्ञापन में उच्च शिक्षा संचालनालय, रायपुर के आयुक्त कार्यालय से जारी एक अक्टूबर 2026 के पत्र का हवाला देते हुए बताया गया है कि महाविद्यालय में विधि संकाय प्रारंभ करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 21 अक्टूबर तक यथाशीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। अधिवक्ता संघ ने विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय प्रबंधन से आवश्यक जानकारी एवं प्रस्ताव सक्षम कार्यालय को प्रेषित करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अधिवक्ता अनिल सिंह, महिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता मंजूषा श्रीवास्तव सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

आवश्यकता है

स्वयंसेवी संस्था सरगुजा सेवा उन्नति संस्था को छत्तीसगढ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर की टी आई परियोजना अंतर्गत कोरिया जिले में कार्य करने हेतु निम्नांकित पद की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करता है-

क्र.	पद का नाम	योग्यता
1	लेखापाल पद संख्या-1 मानदेय प्रतिमाह 16000 यात्रा भत्ता-600	इस पद हेतु उम्मीदवार B.Com/M.Com पास होना अनिवार्य है, साथ ही उसे कंप्यूटर एवं स्थानीय भाषा का ज्ञान हो।
2	परामर्शदाता पद संख्या-1 मानदेय प्रतिमाह 16000 यात्रा भत्ता-1200	इस पद हेतु उम्मीदवार MSW/Sociology (M.A) पास होना अनिवार्य है, साथ ही उसे कंप्यूटर एवं स्थानीय भाषा का ज्ञान हो।
3	ओ.आर.डब्लु पद संख्या-1 मानदेय प्रतिमाह 10500 यात्रा भत्ता-1500	इस पद हेतु उम्मीदवार 12th पास होना अनिवार्य है, साथ ही उसे स्थानीय भाषा का ज्ञान हो।

नोट- 01, अपना बायोडाटा परियोजना कार्यालय में या ssus.ti.korea@gmail.com के माध्यम से दिनांक 23.10.2026 तक जमा करें। 02. लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के समय की सुचना टेलिफोनिक द्वारा दी जावेगी।

संपर्क करें :- सरगुजा सेवा उन्नति संस्था
शगुन गार्डन, शुक्ला पेट्रोल पंप के पास, अम्बिकापुर रोड, बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया, छ.ग. 497335
मोबाईल-08770329959, 07999792660
ईमेल- ssus.ti.korea@gmail.com



सूर्या का मोशन पोस्टर जारी आक्रामक अंदाज में दिखे सनी

मुंबई। बॉलीवुड स्टार सनी देओल अपनी अपकमिंग फिल्म 'सूर्याः अंत से आरंभ तक' में एक नए अवतार से दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं। अभिनेता ने सोमवार को फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करके इसकी आधिकारिक घोषणा की। फर्स्ट लुक पोस्टर में वह काफी गंभीर और आक्रामक अंदाज में नजर आ रहे हैं। मोशन पोस्टर में देखा जा सकता है कि सनी देओल उम्रदराज लग रहे हैं। उनकी दाढ़ी आधी पकी है और आधी काली है। वह सिगरेट पी रहे हैं और उनका लुक आक्रामक है। उन्होंने टी-शर्ट पहनी है। पोस्टर शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा 'अतीत और वर्तमान के बीच उलझा हुआ, वह सच का पता लगाता है! पेश है 'सूर्याः अंत से आरंभ तक'!

लाइफ Style

श्रेया

सीरीज 'सहर होने को है' से कमबैक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पर्दे पर किरदार निभाने वाले कलाकारों को कई बार ऐसे चैलेंज मिलते हैं जो सालों इंडस्ट्री में काम करने के बावजूद अलग और चुनौतीपूर्ण लगते हैं। खासकर अगर वह किरदार ग्रे या नेगेटिव हो तो। कुछ ऐसा ही है गुजराती सिनेमा में काम करने वाली एक्ट्रेस श्रेया दवे का हाल।

'बरसातें: मौसम प्यार का' के बाद दो साल तक वर्टिकल ड्रामा और गुजराती सिनेमा में काम करने के बाद, श्रेया दवे छोटे पर्दे पर लौट आई हैं। अभी वह 'सहर होने को है' में पार्थ समथान के किरदार की सौतेली बहन जीनत का रोल निभा रही हैं। एक्ट्रेस इस बात को लेकर एक्साइटेड हैं कि उनका किरदार कहानी में क्या-क्या मोड़ लाएगा। श्रेया कहती हैं, 'एक एक्टर के तौर पर जीनत का किरदार मेरे लिए इसलिए खास और रोमांचक है क्योंकि वह कहानी में कुछ बहुत ही बदलता है। उसका सफर काफी उतार-चढ़ाव भरा होगा, जिससे मुझे अलग-अलग शेड्स और कई तरह की भावनाएं दिखाने का मौका मिलेगा। श्रेया ने कहा, 'मेरे लिए यही बात इस रोल को इतना खास बनाती है। जीनत मुझे एक एक्टर के तौर पर बिल्कुल अलग दायरे में ले जा रही है, जिससे मुझे ऐसी भावनाएं दिखाने का मौका मिल रहा है जो मैंने पहले कभी नहीं दिखाईं। यह नया, चैलेंजिंग और बेहद रोमांचक है और मुझे इस किरदार को समझने में बहुत मजा आ रहा है। मैं उसे पॉजिटिव या नेगेटिव का लेबल लगाकर किसी एक दायरे में नहीं बांधना चाहती। इसलिए, मैं यही कहूंगी कि जीनत को इतनी जल्दी जज न करें'।



हॉलीवुड मसाला



गॉडजिला माइनस... का ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। गॉडजिला माइनस जीरो के लेटेस्ट ट्रेलर से कनफर्म होता है कि पिछली फिल्म में गॉडजिला पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ था। इसमें नए 'काइजू' (मॉन्स्टर) को खत्म करने के ऑपरेशन की झलक भी मिलती है और नए व पुराने किरदारों से इंट्रोड्यूस कराया जाता है। ट्रेलर की रिपोर्ट के मुताबिक टोहो ने कन्फर्म किया है कि फिल्म में किंग गिडोरा दूसरा मॉन्स्टर होगा। फेस्टिवल प्रीमियर की कवरेज में गॉडजिला और गिडोरा के बीच कई भयानक और खूनी लड़ाइयों का जिक्र है, जो जमीन और आसमान में और भी तेज हो जाती हैं।



पूर्व पत्नी की शादी में 'स्पाइडर मैन' अभिनेता बने पादरी

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की जानी-मानी ज्वेलरी डिजाइनर जेनिफर मेयर और बिजनेसमैन ज्योफ ओगुन्सलेसी की शादी इन दिनों चर्चा में बनी हुई है। इस शादी में सबसे खास बात यह रही कि जेनिफर के एक्स-हसबैंड और 'स्पाइडर-मैन' अभिनेता टोबी मैग्वायर ने ही शादी की रस्में कराईं। पेज सिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, जेनिफर मेयर और उनके मंगेतर ज्योफ ओगुन्सलेसी ने पिछले वीकेंड हवाई के फोर सीजन्स रिजॉर्ट लानाई में आउटडोर सेरेमनी में शादी की। खास बात यह है कि यह शादी जेनिफर और टोबी के तलाक के कुछ ही हफ्तों बाद में ही हो गई। 49 साल की जेनिफर ने शादी में स्ट्रैपलेस गाउन पहना था। वहीं, ज्योफ ब्लैक सूट और बो टाई पहने हुए नजर आए। शादी की तस्वीरों में टोबी मैग्वायर फॉर्मल कपड़ों में पादरी बनकर सेरेमनी कराते दिखाई दिए। इस दौरान न्यूली वेड कपल ने फूलों से सजे मंडप के नीचे एक-दूसरे को किस भी किया।



नखरेवाली में दिखेगी रोमांटिक कॉमेडी

मुंबई। 'तेरे इश्क में' और 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक आनंद एल राय की नई फिल्म 'नखरेवाली' की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। खास बात यह है कि इस बार फिल्म को राहुल शंकल्या ने डायरेक्ट किया है। वहीं, जियो स्टूडियोज, आनंद एल. राय और हिमांशु शर्मा फिल्म के निर्माता हैं। जबकि इसकी कहानी दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है। रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'नखरेवाली' 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म प्यार, रिश्तों और महिला-पुरुष की भूमिकाओं को एक नए अंदाज में पेश करने का वादा करती है। फिल्म के पोस्टर पर एक टैगलाइन लिखी है, 'कभी-कभी प्यार में मजनू को भी लैला बनना पड़ता है', जो रिश्तों के पारंपरिक तौर-तरीकों में एक मजेदार बदलाव की तरफ इशारा करती है।



अर्जुन नागा की शूटिंग में व्यस्त रामपाल

मुंबई। अभिनेता अर्जुन रामपाल इन दिनों अपनी फिल्म 'अर्जुन नागा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। एक्टर ने फिल्म की बीटीएस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। इसके साथ निर्देशक अनिल शर्मा ने भी इस भी फिल्म से जुड़ा पोस्ट साझा किया। अर्जुन रामपाल ने सोमवार को अपनी आगामी फिल्म 'अर्जुन नागा' के सेट से एक तस्वीर साझा की। इतना ही नहीं उन्होंने इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'पहले दिन की शूटिंग शुरू हो रही है, अनिल शर्मा के निर्देशन में। अर्जुन नागा के लिए हमें अपना आशीर्वाद दें। हम दोनों में उत्कर्ष शर्मा भी हैं। यह एक शानदार सफर होने वाला है।' फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा ने भी फिल्म 'अर्जुन नागा' के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने फिल्म की शूटिंग का एक वीडियो पोस्ट किया।

टीवी मसाला

छह साल बाद अभिनय की दुनिया में लौटने को तैयार

नई दिल्ली। अभिनेत्री बिपाशा बसु लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर एक्टिंग का जादू बिखेरती नजर आएंगी। उनके हाथ एक वेब सीरीज लगी है। इसकी शूटिंग शुरू हो गई है। बिपाशा बसु बिटिया देवी के जन्म के बाद से एक्टिंग से दूर हैं। मगर, उनके फैंस के लिए खुशखबरी है। अभिनेत्री करीब छह साल बाद अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरने को तैयार हैं। वे



हंसल मेहता की वेब सीरीज से जुड़ी हैं, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। बिपाशा बसु मशहूर फिल्ममेकर हंसल मेहता की नई सीरीज में एक अहम रोल में नजर आएंगी। अभी तक इस शो के बारे में अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। फिलहाल, बस इतना पता चला है कि सनी कौशल और विशाल जेठवा भी इस शो में बिपाशा के साथ नजर आएंगे। सीरीज का नाम अभी तय नहीं है। हंसल मेहता की इस अनटाइटल्ड सीरीज को कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ ने लिखा है। इसे 'ऑलमाइटी मोशन पिक्चर्स प्रोडक्शंस' के बैनर तले प्रमलीन संधू ने प्रोड्यूस किया है। इस प्रोजेक्ट की शूटिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। यह शो प्राइम वीडियो पर आएगा। इसकी कहानी एक छोटे से, गुमनाम शहर की है, जो महाद्वीप की हेरोइन राजधानी बनने की कगार पर है। इसमें सनी कौशल एक ईमानदार पुलिस वाले का किरदार निभा रहे हैं, जो अपनी ईमानदारी और इंसानियत को बचाने की कोशिश करते हुए सिस्टम के अंदर और बाहर की ताकतवर ताकतों से लड़ते हैं'। इस सीरीज के जरिए बिपाशा बसु अपनी बेटी देवी के जन्म के बाद लंबे ब्रेक के बाद एक्टिंग में वापसी कर रही हैं।

दो दिन में बिग बॉस से बाहर हुए नकुल

नई दिल्ली। बिग बॉस 20' में हाल ही में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नकुल ढुल की वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई थी। मगर उनका सफर घर में एक हफ्ते भी नहीं चल सका। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि उन्हें दो ही दिन में बेघर कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर चल रही खबरों के अनुसार उन्होंने बिग बॉस का एक सख्त नियम तोड़ा है। नकुल ढुल 'बिग बॉस 20' को घर से बेघर कर दिया गया है। एक्स हैंडल 'बिग बॉस तक' के मुताबिक नकुल के घर में दाखिल होने के दूसरे दिन ही उनका एविक्शन हो चुका है। इस रिपोर्ट के मुताबिक नकुल जिन्हें 'मिट्ठू डॉन' के नाम से भी जाना जाता है उनका झगड़ा घर के पुराने प्रतिभागी गुल्लू से हो गया। इसके बाद दोनों में जमकर हाथापाई हो गई। बिग बॉस के मुख्य नियम को तोड़ने के लिए कथित तौर पर नकुल ढुल को बाहर कर दिया गया। इस रिपोर्ट में बताया गया कि नकुल और काजी तौकीर आपस में बात कर रहे थे। इस दौरान काजी, स्काउट का मजाक उड़ाने लगे। यह बात नकुल को पसंद नहीं आई। इसके बाद नकुल और स्काउट की काजी से बहस हो गई। वहां मौजूद गुल्लू ने इस मामले को शांत कराने की कोशिश की तो नकुल नाराज हो गए।



देवराहा बाबा की कहानी बड़े पर्दे पर 'मचान बाबा' का पोस्टर रिलीज

नई दिल्ली। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा और संतों के जीवन से जुड़ी कहानियां इन दिनों सिनेमा में नई जगह बना रही हैं। नीब करौरी बाबा से प्रेरित फिल्म 'हनुमान अंश' की सफलता के बाद अब देश के सबसे रहस्यमयी संतों में गिने जाने वाले देवराहा बाबा की कहानी बड़े पर्दे पर आने जा रही है। फिल्म का नाम 'मचान बाबा' है। मेकर्स ने इसका टाइटल पोस्टर जारी कर दिया है। फिल्म फिलहाल रिसर्च और प्री-प्रोडक्शन के दौर में है और इसे 2027 में रिलीज करने की तैयारी है। देवराहा बाबा की पहचान उनके मचान से जुड़ी थी। वह नदी किनारे जमीन से कई फीट ऊपर बने मचान पर रहते और वहीं से श्रद्धालुओं से मिलते थे। लेकिन उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा रहस्य उनकी उम्र को लेकर रहा। बाबा कितने वर्ष जीवित रहे, इसे लेकर अलग-अलग दावे और जनश्रुतियां मौजूद हैं। लेखक अभिजीत सेन ने भी अपनी पुस्तक में देवराहा बाबा की असाधारण दीर्घायु से जुड़े विभिन्न विवरणों और स्मृतियों की पड़ताल की है। कुछ कथाओं में उनकी आयु 500 वर्ष से भी अधिक होने तक के दावे किए गए हैं, हालांकि इसका कोई सर्वमान्य ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है। देवराहा बाबा के बारे में सबसे दिलचस्प बात यह भी है कि उनके साथ अलग-अलग दौर की कई बड़ी राजनीतिक हस्तियों के प्रसंग जुड़े हैं। ब्रिटिश सम्राट जॉर्ज पंचम की 1911 में बाबा से मुलाकात का दावा पुराने विवरणों में मिलता है। 2009 में संसद में हुई चर्चा के दौरान भी इस प्रसंग का उल्लेख किया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की देवराहा बाबा से मुलाकात और उनके आशीर्वाद से जुड़ी कहानी भी काफी चर्चित रही है। इसी तरह 1989 में राम मंदिर शिलान्यास से पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की बाबा से हुई मुलाकात का उल्लेख विभिन्न संस्मरणों में मिलता है।



'गणेशः डस्ट टू स्टारडस्ट' में दिखेगी कोरियोग्राफर की जिंदगी की कहानी

नई दिल्ली। कोरियोग्राफर-फिल्ममेकर गणेश आचार्य ने रविवार को अपनी आने वाली फिल्म 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' का ट्रेलर जारी किया। यह एक बायोग्राफिकल ड्रामा है जो एक साधारण शुरुआत से लेकर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने कोरियोग्राफर बनने तक के उनके सफर को दिखाता है। आचार्य द्वारा लिखी और निर्देशित यह फिल्म, सिनेमा की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के उनके सपने को पूरा करने के दौरान किए गए संघर्ष, त्याग और दृढ़ संकल्प की कहानी है। यह फिल्म इंडस्ट्री में उनके आगे बढ़ने के सफर को दिखाती है और उन चुनौतियों को भी उजागर करती है जिनका उन्होंने रास्ते में सामना किया। गणेश आचार्य की जिंदगी पर बनी फिल्म का ट्रेलर काफी दमदार और इमोशनल है। अक्षय कुमार और अजय देवगन ने भी इस ट्रेलर को अपने-अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। ट्रेलर में उनके संघर्ष, मेहनत और सफलता की कहानी को दिखाया गया है। जिसमें कम उम्र में उनके पिता का निधन, आर्थिक तंगी, कम उम्र में कमाई और फिर 12 साल की उम्र में डांस की फील्ड में करियर बनाने की जिद दिखाई गई है। दर्शकों को ट्रेलर काफी पसंद आ रहा है। ट्रेलर कोरियोग्राफर के पर्सनल और प्रोफेशनल सफर की एक झलक दिखाता है, जिसमें डांस और भावुक पल कहानी का अहम हिस्सा हैं। शिवांशु सोनी, आलोक शॉ, सुकन्या कलान और साक्षी पावस्कर अभिनीत यह फिल्म 11 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आचार्य ने एक बयान में कहा, 'मेरा हमेशा से मानना रहा है कि हर किसी को सपने देखने का अधिकार है, लेकिन सिर्फ सपने देखने से वे सच नहीं होते। आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, त्याग करना पड़ता है और आगे बढ़ते रहना पड़ता है, चाहे सफर कितना भी मुश्किल क्यों न हो। 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' के जरिए हमने इसी भावना को जीवंत करने की कोशिश की है'।



मनोरंजन के शौकीनों के लिए खास रहेगा यह सप्ताह

ओटीटी पर दस्तक देंगी ये धमाकेदार फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। *नए सप्ताह के साथ नई फिल्मों और सीरीज का इंतजार भी शुरू हो जाता है। थिएटर्स में यामी गौतम की नई नवेली और राजकुमार राव की प्रहार आएंगी। वहीं, ओटीटी पर भी मनोरंजन की अच्छी डोज मिलने वाली है।*

द ट्रैप : यह जर्मन साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज है। छह एपिसोड की लिमिटेड सीरीज 13 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह सीरीज लेखिका मेलानी राबे के बेस्टसेलिंग उपन्यास पर आधारित है। लेखिका अपनी बहन की हत्या के बाद पिछले 10 वर्षों से घर से बाहर नहीं निकली है। एक दिन उसे टीवी पर एक ऐसा शख्स दिखाई देता है, जिसे देखकर उसे लगता है कि वही उसकी बहन का हत्यारा है। वह सच्चाई सामने लाने के लिए एक जोखिम भरी योजना बनाती है।

कॉफी विद करण सीजन 9 : निर्माता-निर्देशक का चर्चित शो 'कॉफी विद करण' का नौवां सीजन इस वीक रिलीज होगा। यह सीजन आखिरी भी है। यह सेलिब्रिटी टॉक शो है। इसमें करण जौहर इंडस्ट्री के सितारों के साथ दिलचस्प बातें करते हैं और कई अनसुने किस्से बाहर आते हैं। 14 अक्टूबर से 'कॉफी विद करण सीजन 9' को दर्शक जियो हॉटस्टार पर देख सकेंगे।



इंडियन आइडियल लीजेंड्स रिटर्न

चर्चित सिंगिंग रियलिटी शो के पिछले सीजन के मशहूर सिंगर्स इसमें नजर आएंगे जो सिंगिंग मुकाबले में हिस्सा लेंगे। इस शो के जज होंगे हिमेश रेशमिया। वहीं, अभिजीत सावंत, सलमान अली समेत कई पूर्व प्रतियोगी इस शो में नजर आएंगे। इसका प्रीमियर एपिसोड 17 अक्टूबर को आएगा। वहीं, हर शनिवार और रविवार को रात आठ बजे यह शो प्रसारित होगा। इसे सोनी पर देख सकेंगे।

विजन क्वेस्ट : यह मार्वल की सुपरहीरो एक्शन सीरीज है। दर्शक इसे 14 अक्टूबर 2026 से जियोहॉटस्टार पर देख सकते हैं। हालांकि, स्पष्ट कर दें कि 14 अक्टूबर को इसका पहला और दूसरा एपिसोड स्ट्रीम होगा। यह सीरीज हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में उपलब्ध होगी।

सैक्रिफाइस : यह एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसमें क्रिस इवांस, अन्या टेलर-जॉय और सलमा हायेक अहम भूमिकाओं में हैं। इसे 16 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

लव इन डिस्गाइज : अगर के-ड्रामा में दिलचस्पी है तो इसे देख सकते हैं। यह एक रोमांटिक थ्रिलर ड्रामा है। इम सिवान, सियोल इन आह, किम जंग ह्यून और येनवू अभिनीत 'लव इन डिस्गाइज' 19 अक्टूबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

जगह-जगह विराजी मां दुर्गा...


बाजारपारा बैकुंठपुर में विराजी मां दुर्गा


सागरपुर बैकुंठपुर में विराजी मां दुर्गा


महाराणा दुर्गा पूजा समिति महलपारा बैकुंठपुर में विराजी मां दुर्गा


प्रेमाबांग बैकुंठपुर में विराजी मां दुर्गा

खबर संक्षेप

कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को वितरित किए फार्म-6



बैकुण्ठपुर। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता) कार्यक्रम के अंतर्गत नवीन मतदाता बनाने के लिए फार्म-6 वितरण एवं जमा करने का अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम 7 से 10 अक्टूबर तक तीन चरणों में संपन्न हुआ। इसके तहत महाविद्यालय की 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकीं ऐसी छात्राओं को चिह्नित किया गया, जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है और मतदाता पहचान पत्र नहीं बना है। महाविद्यालय में प्रोफेसर नोडल अधिकारी एवं ईएलसी नोडल डॉ. सुमित कुमार डे के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के प्रथम चरण में पात्र छात्राओं का चयन किया गया। दूसरे चरण में जिला निर्वाचन कार्यालय बैकुंठपुर से प्राप्त फार्म-6 छात्राओं को वितरित किए गए। तीसरे चरण में छात्राओं ने फार्म भरकर आवश्यक दस्तावेज संलग्न किए और महाविद्यालय में जमा किए। जमा किए गए फार्म जिला निर्वाचन कार्यालय भेज दिए गए हैं। अभियान के दौरान कुल 177 फार्म-6 वितरित किए गए, जिनमें से 56 छात्राओं ने भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा किए। कुछ छात्राओं ने अपने क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारी के समक्ष आवेदन जमा करने की बात कही। इस अभियान का उद्देश्य पात्र छात्राओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य भारत सिंह का मार्गदर्शन सराहनीय रहा।

महाविद्यालय में एड्स जागरूकता कार्यक्रम



बैकुण्ठपुर। शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में एड्स जागरूकता को लेकर संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के डिजिटल लाइब्रेरी में आयोजित कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. एम.सी. हिमधर के संरक्षण तथा रेड रिबन क्लब के प्रभारी डॉ. बृजेश कुमार पाण्डेय के संयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब एवं जिला एड्स नियंत्रण समिति कोरिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. एम.सी. हिमधर ने कहा कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने एड्स एवं नशे से जुड़े समसामयिक विषयों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से जागरूकता के प्रसार में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। जिला चिकित्सालय के आईसीटीसी काउंसलर देवी प्रसाद सोनी ने एचआईवी-एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम में युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

शहर के करीब 50 स्थानों पर विराजेंगी मां दुर्गा, 17 से शुरू होगा महोत्सव

मनेन्द्रगढ़ में दुर्गा उत्सव की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

नवरात्रि पर्व को लेकर जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में उत्साह और भक्ति का माहौल बनने लगा है। शहर के विभिन्न मोहल्लों एवं प्रमुख चौक-चौराहों में दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस वर्ष जिला मुख्यालय में लगभग 50 स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। पूजा पंडालों को आकर्षक स्वरूप देने के साथ ही विद्युत सजावट, मंच निर्माण और अन्य तैयारियों को अंतिम रूप देने का कार्य चल रहा है। दुर्गा उत्सव को लेकर शहर के जैन मंदिर चौक, फुहारा चौक, विवेकानंद चौक, श्रीराम मंदिर मैदान, रेलवे स्टेशन के सामने, रेलवे इंस्टीट्यूट, सरोवर मार्ग, बस स्टैंड के नीचे, काली मंदिर रोड, झगराखंड रोड, आमाखेरवा मैदान, पुरानी बस्ती, आमाखेरवा रोड, सुरभि पार्क, खेड़िया टॉकीज के पीछे, भगत सिंह तिराहा, होटल विनय के पीछे तथा विवेकानंद महाविद्यालय के पास सहित अनेक स्थानों पर तैयारियां चल रही हैं।

इसके अलावा लायंस नेत्र चिकित्सालय के पास, मौहारपारा रोड समेत शहर के अन्य हिस्सों में भी दुर्गा प्रतिमा स्थापना की तैयारियां की जा रही हैं। अलग-अलग समितियां अपने-अपने पंडालों को भव्य और आकर्षक बनाने में जुटी हुई हैं। कहीं पंडाल



निर्माण का काम चल रहा है तो कहीं विद्युत झालरों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजावट की जा रही है।

सप्तमी से बढ़ेगी रौनक- दुर्गा सप्तमी के साथ 17 अक्टूबर से दुर्गा महोत्सव की शुरूआत होगी। इसके बाद शहर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। मां दुर्गा की पूजा-अर्चना, आरती और धार्मिक आयोजनों के साथ पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में डूब जाएगा। दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा प्रतिमा स्थापना के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंडालों में व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कई स्थानों पर आकर्षक विद्युत सजावट और विशेष साज-सज्जा की तैयारियां भी की जा रही हैं। शाम होते ही इन पंडालों और प्रमुख मार्गों पर रोशनी से शहर की रौनक बढ़ने की उम्मीद है।

सुरक्षा और व्यवस्था पर भी रहेगी नजर-

दुर्गा उत्सव के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पंडालों तक पहुंचने को देखते हुए यातायात और सुरक्षा व्यवस्था भी महत्वपूर्ण रहेगी। प्रमुख चौक-चौराहों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने की आवश्यकता रहेगी। समितियों द्वारा भी पंडालों में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्थित आवागमन के लिए आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। नवरात्रि के आगमन के साथ ही मनेन्द्रगढ़ में धार्मिक उत्सव की तैयारियों ने गति पकड़ ली है। करीब 50 स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना से इस वर्ष शहर के विभिन्न हिस्सों में नौ दिनों तक भक्ति और उत्सव का अलग ही रंग देखने को मिलेगा।

आज लगेगा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

आंखों की देखभाल और जरूरतमंद लोगों को बेहतर नेत्र स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल, मनेन्द्रगढ़ एवं लायंस क्लब मनेन्द्रगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार 14 अक्टूबर 2026 को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन लायंस क्लब चंदूलाल अग्रवाल मेमोरियल लायंस आई हॉस्पिटल ट्रस्ट, मोहरपारा, मनेन्द्रगढ़ में किया जाएगा।

शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविर में सभी आयु वर्ग के लोगों की आंखों की जांच की जाएगी। आयोजकों के अनुसार शिविर में आंखों की संपूर्ण जांच के साथ चश्मे के लिए निःशुल्क परामर्श, मोतियाबिंद की जांच, मधुमेह (डायबिटीज) से संबंधित नेत्र जांच तथा आवश्यक दवाओं के संबंध में चिकित्सकीय सलाह उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों के लिए आगे की उपचार प्रक्रिया एवं ऑपरेशन की सुविधा के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया जाएगा। शिविर में श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल, मनेन्द्रगढ़ के नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन डॉ. जयंत एक्का मरीजों की जांच करेंगे।

आयोजकों ने बताया कि समय पर आंखों की जांच होने से कई गंभीर समस्याओं की पहचान प्रारंभिक स्तर पर की जा सकती है। विशेष रूप से बढ़ती उम्र के लोगों में मोतियाबिंद, जबकि मधुमेह से पीड़ित लोगों में डायबिटिक रेटिनोपैथी जैसी समस्याओं की नियमित जांच आवश्यक है। श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल की ओर से मनेन्द्रगढ़ में नेत्र जांच, परामर्श, स्क्रीनिंग और जरूरत के अनुसार उपचार के लिए रेफरल जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। वहीं श्री गणेश विनायक फाउंडेशन के अनुसार उसके नेत्र सेवा कार्यक्रमों के तहत बड़ी संख्या में निःशुल्क नेत्र जांच, चश्मे और मोतियाबिंद ऑपरेशन की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

पसान नगर पालिका में उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज. अनूपपुर

जिले की पसान नगर पालिका में उपाध्यक्ष अजय यादव के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। नगर पालिका अध्यक्ष सहित 16 पार्षदों ने उपाध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कलेक्टर को आवेदन सौंपा है। आवेदन के माध्यम से नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की गई है। वहीं, 18 वार्डों वाली नगर पालिका परिषद में कुल 17 पार्षदों के एकजुट होने का दावा किया जा रहा है।

इस घटनाक्रम के बाद नगर पालिका की राजनीति में हलचल बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार, उपाध्यक्ष अजय यादव के खिलाफ इससे पहले परिषद में निंदा प्रस्ताव का मामला सामने आया था। अब आगे की कार्रवाई के लिए परिषद की बैठक बुलाने की मांग उठाई जा रही है। अध्यक्ष और पार्षदों की ओर से कलेक्टर को आवेदन सौंपे जाने के बाद मामला प्रशासनिक स्तर पर पहुंच गया है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि संबंधित नियमों और वैधानिक प्रावधानों के तहत प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है। उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी को लेकर



पार्षदों की लामबंदी नगर पालिका की राजनीति में चर्चा का विषय बनी हुई है। 18 वार्डों वाली परिषद में 17 पार्षदों के समर्थन का दावा इस पूरे घटनाक्रम को महत्वपूर्ण बना रहा है। हालांकि, अविश्वास प्रस्ताव की औपचारिक प्रक्रिया, उसके लिए आवश्यक वैधानिक शर्तों और आगे की कार्रवाई को लेकर प्रशासनिक निर्णय अहम होगा।

कलेक्टर की कार्रवाई पर टिकी निगाहें

फिलहाल, पसान नगर पालिका में उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की मांग पर आगे की स्थिति स्पष्ट होना बाकी है। आवेदन पर प्रशासन की कार्रवाई और परिषद की बैठक बुलाए जाने को लेकर होने वाला निर्णय ही आगे की दिशा तय करेगा। ऐसे में नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों की निगाहें भी इस मामले में होने वाली आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए 55 पुलिसकर्मी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अवसर पर मन जागृति अभियान के तहत कोरिया पुलिस विभाग के कर्मचारियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम ने पुलिसकर्मियों को कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन, नशामुक्ति, मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में करीब 55 पुलिसकर्मी शामिल हुए। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बलवंत सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी तथा जिला नोडल अधिकारी, मानसिक स्वास्थ्य, डॉ. कार्तिकेय सिंह के नेतृत्व में विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को अपनी भावनाओं और परेशानियों पर खुलकर बातचीत करने के लिए प्रेरित किया। चिकित्सा मनोवैज्ञानिक डॉ. सुमन कुमार ने कार्यस्थल पर मानसिक दबाव, चिंता और तनाव के कारणों तथा उनके प्रबंधन के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने सकारात्मक सोच विकसित करने, नियमित दिनचर्या अपनाने, पर्याप्त नींद लेने और शारीरिक गतिविधियों के लिए समय निकालने पर जोर दिया। मनोचिकित्सा सामाजिक कार्यकर्ता पुलेंद्र मोहले ने भारत सरकार की टेली-मानस सेवा के बारे में बताया। उन्होंने जानकारी दी कि मानसिक तनाव, चिंता और भावनात्मक परेशानियों के समय टोल फ्री नंबर 14416 पर संपर्क कर चौबीसों घंटे निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य परामर्श एवं सहायता प्राप्त की जा सकती है। डॉ. सुमन कुमार ने प्रतिभागियों को जैकबसन प्रोग्रेसिव मसल रिलैक्सेशन यानी जेपीएमआर का अभ्यास कराया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने मांसपेशियों को क्रमशः तनाव देने और शिथिल करने की प्रक्रिया सीखी। प्रतिभागियों ने अभ्यास के बाद तनाव में कमी और सहजता महसूस होने की बात कही। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बलवंत सिंह ने अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से नींद या भूख में परेशानी हो अथवा मन उदास रहे, तो वह अकेले परेशानी सहने के बजाय जिला अस्पताल के परामर्श केंद्र पहुंचे या 14416 पर संपर्क करे। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और उपचार की सुविधा निःशुल्क तथा गोपनीय है। युवाओं से सोशल मीडिया का उपयोग सीमित करने, खेलकूद के लिए समय निकालने और परिवार के साथ संवाद बढ़ाने का भी आग्रह किया गया। आयोजन को सफल बनाने में पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार राठौर का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। साथ ही कार्यक्रम में प्रशिक्षु उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक उपस्थित रहे।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय पर करें निराकरण

बैकुण्ठपुर। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही सेवा सेतु, जनदर्शन और अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों का भी निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सुघ्घर छत्तीसगढ़ पोर्टल में जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ श्रिकसान सम्मान निधिश के पंजीयन कार्य को गंभीरता से पूरा करने को कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जनपद पंचायत बैकुंठपुर और सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से स्वीकृत आवासों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अप्रारंभ आवासों का निर्माण तत्काल शुरू कराने तथा अधूरे आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

नशीले इंजेक्शनों की बिक्री को लेकर चिंता

मनेन्द्रगढ़। शहर में नशीले इंजेक्शनों की कथित अवैध बिक्री को लेकर रहवासियों में चिंता बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ समय पहले एक परिवार द्वारा नशीले इंजेक्शन बेचने की चर्चा थी, लेकिन अब शहर के अलग-अलग हिस्सों में कई लोगों द्वारा इसकी बिक्री किए जाने की बात सामने आ रही है। यदि यह आरोप सही हैं तो यह मामला युवाओं और सामाजिक सुरक्षा से सीधे जुड़ा गंभीर विषय है। रहवासियों और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, हर्बल गार्डन परिसर में बने टॉवर के आसपास शाम लगभग 7 बजे से रात 11 बजे तक संदिग्ध गतिविधियां देखे जाने का दावा किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस दौरान युवाओं की आवाजाही बढ़ जाती है और कथित रूप से नशीले इंजेक्शन की खरीद-बिक्री की जाती है। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि शहर के ईसाई कब्रिस्तान, मुस्लिम कब्रिस्तान, आमाखेरवा क्षेत्र, बस स्टैंड तथा बाजार क्षेत्र के सार्वजनिक शौचालयों के आसपास भी नशीले पदार्थों और इंजेक्शनों की कथित गतिविधियां चल रही हैं। संवेदनशील एवं सार्वजनिक स्थानों पर इस प्रकार की गतिविधियों की शिकायतें सामने आने से नागरिकों में असुरक्षा का माहौल बनने लगा है।

37 महीने से बंद थी बुजुर्ग महिला की पेंशन

पार्षद के प्रयासों से बुजुर्ग बसमतिया के खाते में आए 18,500 रुपए

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल

उम्र के इस पड़ाव पर जब रोजमर्रा की जरूरतों के लिए पेंशन ही सहारा हो, तब महीनों तक उसका बंद रहना किसी बड़ी परेशानी से कम नहीं होता। नगरपालिक निगम चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 34 के आमनाला निवासी 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला बसमतिया के साथ भी ऐसा ही हुआ। पिछले 37 महीनों से उनकी वृद्धावस्था पेंशन बंद थी। आखिरकार पार्षद राहुल भाई पटेल के प्रयासों से उनके खाते में एकमुश्त 18,500 रू. की राशि पहुंची, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली है। जानकारी के अनुसार, बैंक खाते में नाम की मात्रा में त्रुटि होने के कारण बसमतिया की पेंशन बंद हो गई थी। लंबे समय तक वह इस परेशानी से जूझती रहीं। समस्या की जानकारी मिलने पर वार्ड पार्षद राहुल भाई पटेल ने इसे दूर कराने की पहल की। उन्होंने सबसे पहले बैंक पहुंचकर खाते में सुधार कराने का प्रयास किया, लेकिन वहां समस्या का समाधान नहीं हो सका। इसके बाद उन्होंने हार नहीं मानी और बसमतिया के आधार कार्ड में आवश्यक सुधार करवाने से लेकर नया बैंक खाता खुलवाने तक में सहयोग किया। साथ ही पेंशन योजना में नया खाता नंबर दर्ज कराने की प्रक्रिया भी पूरी कराई। लगातार प्रयासों के बाद आखिरकार 37 महीने से लंबित पेंशन की राशि 18,500 रू. सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की



कुरासिया शाखा के माध्यम से बसमतिया के खाते में जमा हुई। लंबे इंतजार के बाद पेंशन की राशि मिलने से बसमतिया को राहत मिली है। उनके लिए यह राशि केवल 18,500 रू. नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने का एक सहारा है। इस उम्र में अपनी छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर रहने की परेशानी के बीच पेंशन मिलने से उन्हें काफी मदद मिलेगी। बसमतिया ने इस सहयोग के लिए पार्षद राहुल भाई पटेल के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं, वार्डवासियों ने भी उनकी समस्या को गंभीरता से लेकर समाधान कराने के प्रयासों की सराहना की। इस कार्य में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, कुरासिया शाखा के प्रबंधक अभिषेक कुमार का विशेष सहयोग रहा। निगम प्रशासन ने भी आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराने में सहयोग प्रदान किया। पार्षद राहुल पटेल ने कहा कि बुजुर्गों, जरूरतमंदों और असहाय लोगों की समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है।

शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय पर मिलना चाहिए। किसी तकनीकी या दस्तावेजी त्रुटि के कारण कोई बुजुर्ग अपने हक से वंचित न रहे, इसके लिए वे हमेशा प्रयासरत रहेंगे। बसमतिया की पेंशन बहाल होने का यह मामला बताता है कि कभी-कभी किसी की छोटी-सी पहल भी जरूरतमंद के जीवन में बड़ी राहत ला सकती है।

